>

Title: Need to provide pedestrian movement of villagers across Tehri dam in Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल की एक गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहती हूं। टिहरी झील में पानी भरने के बाद झील के दूसरी ओर जाने के लिए जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विशेषकर टिहरी वासियों को डैम के ऊपर से आवागमन का हक नहीं दिया जा रहा है। सुरक्षा कारणों को वजह बताया जाता है। जबकि भाखड़ा नांगल के ऊपर से आवाजाही खुली हुई है। झील के दूसरी तरफ टिपरी, घनशाली, रजाखेत और प्रतापनगर जाने वाली जनता को 15 कि.मी. का लंबा पहाड़ी रास्ता तय करना पड़ता हैं इस 15 कि.मी. रास्ते को पार करने में एक घंटे से भी ज्यादा का समय लगता है तथा पैट्रोल/डीजल की भी अधिक खपत होती है और दुर्घटना भी समय-समय पर होती रहती है जिसमें कई लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। जबकि डैम के ऊपर से जाने से मात्र 5 से 10 मिनट का समय लगता है और टिपरी के आसपास के ग्रामीण पैदल ही अपने घर जा सकेंगे। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि जनहित में टिहरी की जनता को डैम के ऊपर आने-जाने की सुविधा दी जाए। इससे पेट्रोल/डीजल की भी बचत होगी तथा कीमती समय भी बचेगा।